Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 09-03-2006

Participants : Mehta Shri Bhubneshwar Prasad

>

Title : Need to review the selection process for the post of Chairman, Damodar Valley Corporation.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : महोदय, दामोदर घाटी निगम में दो सालों से स्थायी अध्यक्ष नहीं है। अध्यक्ष के अलावा और कई महत्वपूर्ण पद प्रभार देकर चलाया जा रहा है। वर्ा 2005 में अध्यक्ष के लिए साक्षातकार हुआ। जिसमें अध्यक्ष का चुनाव हुआ। ऊर्जा मंत्रालय, गृह, सी से स्वीकृत होकर माननीय प्रधान मंत्री के यहां संचिका गया जहां कतिपय गलत आरोप के तहत इसे वापस कर दिया गया। झारखंड के ग्यारह संसद सदस्य सहित बिहार और पश्चिम बंगाल के लगीग 25 सांसदों ने एक स्मारक पत्र माननीय प्रधान मंत्री को दिया लेकिन उस पर विचार नहीं किया गया। माह अप्रैल, 2005 में प्रधान मंत्री के यहां से संचिका वापिस हुआ और माह जन वरी में फिर अध्यक्ष के पद के लिए साक्षात्कार बुलाया गया, जिसमें कुछ लोगों को 21 जनवरी और कुछ को 25 जनवरी को बुलाया गया। 29 जनवरी को साक्षात्कार लेकर अंतिम रूप दे दिया गया जो नियम के अनुरूप नहीं है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि फिर से साक्षात्कार हेतु तमाम लोगों को बुलाया जाये और अध्यक्ष एवं अन्य पदों को भरा जाये।